## यहाँ पर “**PAMM** मास्टर चैलेंज” के नियम और शर्तें दी गई हैं:

**A.** परिचय

a. यह दस्तावेज़ “**PAMM** मास्टर चैलेंज” (जिसे आगे "प्रमोशन" कहा जाएगा) की शर्तों और नियमों के बारे में बताता है, जिसे Markets4you की तरफ से आयोजित किया गया है। इस प्रमोशन में भागीदारी की आवश्यक शर्तों को पूरा करने वाले सभी योग्य ग्राहक भाग ले सकते हैं।

b. AUM का अर्थ “प्रबंधन के तहत आने वाले एसेट्स” है जिसमें मैनेजर की पूंजी शामिल नहीं होती है।

**B.** प्रमोशन में भागीदारी

a. निम्नलिखित के मानदंडों को पूरा Markets4you करने वाले ग्राहक भागीदारी कर सकते हैं:
   i. प्रतिभागियों को PAMM मनी मैनेजर के तौर पर रजिस्टर्ड और ट्रेडिंग अकाउंट वेरिफाई होना चाहिए।
   ii. सिर्फ उन्हीं AUM को गिना जाएगा जो कैंपेन अवधि के दौरान लाया गया हो।
   iii. मैनेजर्स को सकारात्मक प्रदर्शन देते रहना होगा और उनका ड्रॉडाउन 30% से अधिक नहीं होना चाहिए (इक्विटी बनाम बैलेंस के आधार पर)।
   iv. यह प्रमोशन वैश्विक स्तर पर क्लाइंट्स के लिए खुला है।
   v. ग्राहक केवल निर्धारित लैंडिंग पेज के ज़रिए ही इस प्रमोशन के लिए रजिस्टर कर सकते हैं।

**C.** प्रमोशन की अवधि**:**

यह प्रमोशन 30 जून 2025, 00:00 (सर्वर समय) से 30 सितंबर 2025, 23:59 (सर्वर समय) ("प्रमोशन की अवधि") तक चलता रहेगा।

**D.** सामान्य शर्तें

a. प्रमोशन के लिए कौन-सा AUM मान्य होगा:
   i. सिर्फ नए निवेशकों की जमा राशि
      1. कंपनी की नज़र में सिर्फ उन निवेशकों द्वारा नई जमा राशि मान्य होगी जो फंड मैनेजर के PAMM अकाउंट में कैंपेन अवधि के दौरान जमा की गई हो।
   ii. न्यूनतम होल्डिंग अवधि
      1. फंड कम-से-कम 30 दिनों तक प्रबंधन में रहना चाहिए ताकि उसे प्रमोशन के लिए योग्य माना जाए।
   iii. खुद की फंडिंग करना मान्य नहीं होगा
      1. AUM सिर्फ तृतीय पक्ष से आना चाहिए। मैनेजर की ओर से किए गए डिपॉजिट या उनके अपने अकाउंट्स से किए गए वॉलेट ट्रांसफर शामिल नहीं किए जाएंगे।
   iv. प्रदर्शन से जुड़े मापदंड
      1. PAMM मैनेजर्स को कुल मिलकर सकारात्मक प्रदर्शन करते रहना होगा और उनका अधिकतम ड्रॉडाउन 30% से अधिक नहीं होना चाहिए। यह ड्रॉडाउन इक्विटी बनाम बैलेंस के आधार पर गिना जाएगा जिसका अर्थ है कि फ्लोटिंग हानियों (मतलब जो ट्रेड अभी तक बंद नहीं हुए हैं) को भी ड्रॉडाउन का आकलन करते समय शामिल किया जाएगा।
      2. प्रमोशन अवधि में कम से कम एक ट्रेडिंग गतिविधि अकाउंट में दिखनी चाहिए।
   v. निवेशक के लिए न्यूनतम आवश्यकता

1. प्रत्येक फंड मैनेजर के पास कम से कम 2 से 3 अलग-अलग निवेशक होने चाहिए जिन्होंने उनके AUM में योगदान दिया हो (यह एक ही बड़े डिपॉजिट से सिस्टम का अनुचित लाभ न उठाने से रोकता है)।

vi. निम्नलिखित पर आधारित इंस्ट्रूमेंट्स से संबंधित ट्रेड्स ही
    1. BTC सहित करेंसी जोड़े
    2. सूचकांक (JP225, SG27, HK50 को छोड़कर)
    3. कमोडिटीज़
    4. मेटल्स

vii. उचित भागीदारी सुनिश्चित करने और चैलेंज की प्रक्रिया का अनुचित इस्तेमाल रोकने के लिए, सिर्फ वे ट्रेड मान्य माने जाएंगे जो कम से कम **3** मिनट **(180** सेकंड**)** तक खुले रहें। ऐसे ही ट्रेड्स को वॉल्यूम की गणना और प्रदर्शन के मूल्यांकन में शामिल किया जाएगा।

b. किन चीज़ों को शामिल नहीं किया जाएगा:
   i. एक ही क्लाइंट द्वारा अलग-अलग अकाउंट्स से किए गए आंतरिक ट्रांसफर या दोबारा लगाए गए फंड मान्य नहीं होंगे।
   ii. वे निवेशक जो 30 दिनों की होल्डिंग अवधि समाप्त होने से पहले फंड निकाल लेते हैं, उन्हें प्रमोशन से बाहर कर दिया जाएगा।
   iii. प्रमोशनल या बोनस पूंजी से प्राप्त AUM को मान्य नहीं माना जाएगा।
   iv. जिन अकाउंट्स में संदिग्ध गतिविधि पाई जाती है या जिन्हें अनुपालन विभाग ने खतरे का सन्देश बताया है, उन्हें समीक्षा के लिए रखा जाएगा।

c. पुरस्कार:

रिवॉर्ड का स्तर**:**

| **AUM** रेंज **(USD)** | लॉट | पुरस्कार**:** |
|---|---|---|
| $10,000 – $19,999 | 150 | Sony WH-1000XM5 नॉइज़ कैंसलेशन वायरलेस |
| $20,000 – $29,999 | 300 | Sony PlayStation®5 डिस्क कंसोल |
| $30,000 – $39,999 | 450 | Apple iPhone 16 Pro 128GB |
| $40,000 और उससे अधिक | 600 | Apple Macbook Air 14" M4 256GB |

नोट*:* फंड मैनेजर्स केवल एक ही रिवॉर्ड टियर जीत सकते हैं*,* जो उनके द्वारा हासिल किए गए सबसे अधिक *AUM* के आधार पर निर्धारित किया जाएगा।

i. विजेताओं के पास अपनी पुरस्कार राशि को सूचीबद्ध पुरस्कार मूल्य के **70%** के बराबर नकद राशि में बदलनेका विकल्प होगा। यह विकल्प विजेता को सूचित किए जाने की तिथि से 7 दिनों के भीतर पुष्टि करना आवश्यक है। पुष्टि के बाद 14 व्यावसायिक दिनों के अन्दर नकद भुगतान [MT4/MT5] के ज़रिए किया जाएगा।

ii. विजेताओं की संख्या निम्नलिखित है:
    1. टियर 1: 20
    2. टियर 2: 14
    3. टियर 3: 5
    4. टियर 4: 3

iii. यदि पात्र प्रतिभागियों की संख्या अधिकतम सीमा से अधिक हो जाती है, तो टॉप परफ़ॉर्मर्स को चुनने के लिए हम मैनेजर्स की रैंकिंग AUM की प्रभावशीलता और ट्रेडिंग गतिविधि के आधार पर करेंगे।

**E.** अधिकारों का आरक्षण और अयोग्यता

a. Markets4you अपने विवेक के आधार पर निम्नलिखित चीज़ों का अधिकार सुरक्षित रखता है:
   1. "प्रमोशन" में किसी भी प्रतिभागी के रजिस्ट्रेशन को खारिज कर सकता है।
   2. Markets4you को "प्रमोशन" के दौरान उनकी सेवाओं के उपयोग की शर्तों का उल्लंघन या दुरुपयोग करने वाले किसी भी प्रतिभागी को योग्य घोषित करने का अधिकार प्राप्त है।

b. केवल वही उपयोगकर्ता "प्रमोशन" में भागीदारी के लिए योग्य हैं जिन्होंने Markets4you पर रजिस्टर है और प्रासंगिक देश से संबंधित हैं। प्रतिभागी से किसी भी समय उनकी व्यक्तिगत पहचान से सम्बंधित जानकारी मांगी जा सकती है।

c. यदि प्रतिभागी यह जानकारी देने में असफल रहते हैं, तो Markets4you को यह अधिकार है कि वह उनकी सेवाओं तक पहुंच सीमित, बाधित या उपयोगकर्ता के अकाउंट को टर्मिनेट कर सकता है। जब आप Markets4you पर रजिस्टर करते हैं और हमें जानकारी देते हैं, तो आप इस बात की पुष्टि करते हैं कि दी गई जानकारी सही, सटीक, हालिया और पूरी है।

d. Markets4you को यह अधिकार है कि वह अपने विवेक से बिना किसी पूर्व सूचना के "प्रमोशन" को बंद कर सकता है।

e. Markets4you के पास किसी भी समय "प्रमोशन" या उसके किसी भी पहलू में बदलाव, संशोधित करने या समाप्त करने का निर्णय लेने का अधिकार है। Markets4you पर कस्टमर्स को "प्रमोशन" में किए गए बदलावों के बारे में पूर्व सूचना देने की कोई बाध्यता नहीं है। प्रतिभागी को "प्रमोशन" की सभी नियमों और शर्तों का पालन करना होगा, साथ ही उसे संबंधित शर्तों में किए गए किसी भी बदलाव के बारे में जानना भी ज़रूरी है।

f. किसी भी धोखाधड़ीपूर्ण गतिविधि या कार्यक्रम में हेरफेर की कोशिश करने पर प्रतिभागी को तुरंत योग्य घोषित किया जा सकता है और उनका अकाउंट सस्पेंड किया जा सकता है। विशेष रूप से, लॉस रिटर्न को निरस्त किया जा सकता है।

g. अगर किसी वजह से कोई "प्रमोशन" (लेकिन केवल इन्हीं तक सीमित नहीं) तकनीकी विफलता, अनधिकृत हस्तक्षेप, छेड़छाड़, धोखाधड़ी, या हमारी नियंत्रण क्षमता से बाहर का कोई भी कारण हो, "प्रमोशन" योजना के अनुसार नहीं चल पाता या यदि ऐसे कारण "प्रमोशन" के क्रियान्वयन, सुरक्षा, निष्पक्षता, पारदर्शिता या उचित संचालन को प्रभावित करते हैं, तो Markets4you को यह अधिकार है कि वह "प्रमोशन" को रद्द, समाप्त, संशोधित या स्थगित कर दे और/या वह ऐसे किसी भी व्यक्ति को अयोग्य ठहरा सकता है, जिसने (चाहे प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से) समस्या पैदा की हो या जो समस्या की वजह हो।

h. इस कार्यक्रम में भागीदारी करके, क्लाइंट्स Markets4you के ओर से निर्धारित सभी नियमों और शर्तों का पालन करने के लिए सहमत होते हैं।

i. यदि उपयुक्त वजह हो, तो हम अपने पूर्ण विवेकाधिकार से इन सामान्य शर्तों या किसी विशिष्ट शर्त को किसी भी समय बदलावने या किसी "प्रमोशन" को पूरी तरह से समाप्त करने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं। किसी "प्रमोशन" को समाप्त करने या उसमें बदलाव करने पर Markets4you की किसी भी प्रतिभागी या अन्य व्यक्ति पर कोई देयता नहीं होगी। यदि किसी "प्रमोशन" को समाप्त कर दिया जाता है, तो पुरस्कार नहीं दिया जाएगा।

j. अगर Markets4you को अपने विवेकाधिकार से किसी भी प्रकार के आर्बिट्राज, दुरुपयोग, धोखाधड़ी, हेरफेर या कैशबैक आर्बिट्राज का संकेत देता है या उसे ऐसा कोई संदेह होता है, तो उस

ट्रेडिंग अकाउंट में की गई सभी लेन-देन और उससे होने वाले लाभ या हानि को अमान्य करार दिया जाएगा।

k. यदि किसी प्रतिभागी को अपने अकाउंट के आँकड़ों से संबंधित डेटा की सत्यता से सम्बंधित कोई समस्या आई है और इस वजह से वह "प्रमोशन" में भागीदारी नहीं दे पाया, तो ऐसे उपयोगकर्ता को कोई रिवॉर्ड नहीं मिलेगा। वे प्रतिभागी जो "प्रमोशन" का दुरुपयोग करने की कोशिश करते हैं या उसमें अपनी स्थिति को हेरफेर करते हुए उसे प्रभावित करने का प्रयास करते हैं, वे रिवॉर्ड पाने का अधिकार खो देंगे और वह रिवॉर्ड प्रमोशन में अगली पंक्ति में योग्य चुने गए प्रतिभागी को दिया जाएगा।

l. यदि कोई प्रतिभागी "प्रमोशन" की पारदर्शिता या वैध संचालन को किसी भी तरीके जैसे हैकिंग, धोखाधड़ी, बेईमानी, हेरफेर, झूठी जानकारी देने या फर्जी रजिस्ट्रेशन से प्रभावित करने की कोशिश करता है, तो Markets4you को यह अधिकार है कि वह ऐसे उपयोगकर्ता का अकाउंट अपने पूर्ण विवेकाधिकार से समाप्त कर सकता है। साथ ही, Markets4you को यह अधिकार है कि वह ऐसे प्रतिभागियों को कोई रिवॉर्ड न दे और/या यदि पहले से कोई रिवॉर्ड दिया गया है तो उसकी रकम वापस ले ले, और/या ऐसे उपयोगकर्ताओं पर भविष्य के किसी भी "प्रमोशन" या अन्य ऑफ़र में भागीदारी से रोक लगा दे।

m. फोर्स मैज्योर। Markets4you किसी भी स्थिति में नियंत्रण से बाहर की परिस्थितियों के कारण होने वाली प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से होने वाली विफलताओं या देरी के लिए उत्तरदायी नहीं होगा। इनमें ये शामिल हड़ताल, कार्य रोकना, दुर्घटनाएं, युद्ध या आतंकवादी गतिविधियाँ, नागरिक या सैन्य अशांति, बीमारियाँ और महामारी (जैसे कि कोविड-19), परमाणु या प्राकृतिक आपदाएँ या दैवीय घटनाएँ, और बिजली, संचार या कंप्यूटर (सॉफ्टवेयर एवं हार्डवेयर) सेवाओं में रुकावट, नुकसान या खराबी हैं, लेकिन यह इन्हीं तक सीमित नहीं हैं। Markets4you परिस्थितियों के अनुसार जितना हो सके, उतनी शीघ्रता से और स्वीकार्य बाज़ार के अभ्यासों के अनुसार उचित प्रयास करेगा ताकि स्थिति का हल निकाला जा सके।

n. ये नियम और शर्तें अलग-अलग भाषाओं में तैयार की गई हो सकती हैं, हालाँकि सभी संस्करणों को प्रामाणिक और सटीक माना जाता है, लेकिन यदि किसी प्रकार का विवाद होता है, तो उस स्थिति में अंग्रेज़ी भाषा वाला संस्करण मान्य होगा।

**F.** जोखिम की चेतावनी

फॉरेक्स ट्रेडिंग में आपके निवेश की गई पूंजी पर उच्च स्तर का जोखिम होता है। कृपया हमारी जोखिम प्रकटीकरण नीति को ध्यान से पढ़ें और इस बात को सुनिश्चित करें कि आप उसमें दी गई जानकारी को अच्छी तरह से समझते हैं।